हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 109

वीरवार, 17 मार्च, 2016/27 फाल्गुन, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

1. **प्रश्नोत्तरः**

(i) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 2941 से 2949 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 2950 से 2977 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1257 से 1274 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-00 PM

2. सदन की समितियों के प्रतिवेदन

(1.) **श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति (वर्ष 2015-16)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **133वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2007-08 (राजस्व प्राप्तियां) पर आधारित तथा **श्रम एवं रोज़गार विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **134वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2007-08 (राजस्व प्राप्तियां) पर आधारित तथा **मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग** से सम्बन्धित है।

(2.) **श्रीमती आशा कुमारी, सभापति, लोक उपक्रम समिति (वर्ष 2015-16)** ने समिति का 56वां मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन आर्थिक क्षेत्र (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)(वर्ष 2012 का प्रतिवेदन संख्याः4) के पैरा संख्याः4.6 की संवीक्षा पर आधारित है तथा **हिमाचल प्रदेश सामान्य उद्योग निगम सीमित** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

(3.) **श्री महेश्वर सिंह, सभापति, मानव विकास समिति (वर्ष 2015-16)** ने समिति के **प्रथम मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा)(वर्ष 2013-14) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर बना 8वें कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा)(वर्ष 2014-15) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **श्रम, रोज़गार और प्रशिक्षण विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा पटल पर रखी।

मंत्री द्वारा स्पष्टीकरण

माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ने हिमाचल प्रदेश में आंगनबाड़ी सुपरवाइज़र्ज के खाली पदों को भरने के सन्दर्भ में स्पष्टीकरण देते हुए वक्तव्य दिया।

व्यवस्था का प्रश्न

श्री सुरेश भारद्वाज, सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने Meritorious Students को 10,000 Laptops देने का निर्णय लिया है। ये Laptops H.P.State Electronics Corporation द्वारा खरीदे जा रहे हैं। मेरी सूचना के मुताबिक निगम वर्ष 2014 के प्रोसैसर वाले Laptops खरीद रहा है जबकि वर्ष 2015 या 2016 के Latest Model दिए जाने चाहिए। इस पर तुरन्त रोक लगाकर वर्ष 2015 या 2016 के प्रोसैसर वाले Laptops ही क्रय किए जाने चाहिए। प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने उनकी बात का समर्थन किया तथा कहा कि यह विषय बहुत महत्वपूर्ण है और हम सरकार से इस बारे आश्वासन चाहते हैं।

इस पर माननीय मुख्य मंत्री ने तुरन्त हस्तक्षेप करते हुए कहा :-

"मुझे माननीय सदस्य के माध्यम से यह सूचना मिली है। मैं इसके ऊपर उचित कार्रवाई करूंगा और सम्बन्धित कार्पोरेशन को बुलाकर उचित आदेश दिए जाएंगे।"

12.10 PM

3. वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए बजट अनुमानः सामान्य चर्चा

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लिया :-

1.) श्री रविन्द्र सिंह
2.) श्रीमती आशा कुमारी

(अपराह्न 1.05 बजे सदन की बैठक भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.15 बजे तक स्थगित हुई)

(अपराह्न 2.15 बजे सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

3.) श्री सुरेश भारद्वाज

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री ने हस्तक्षेप किया।

4.) श्री जगजीवन पाल, मुख्य संसदीय सचिव
5.) श्री वीरेन्द्र कंवर

माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ने हस्तक्षेप किया।

6.) श्री मनोहर धीमान

माननीय बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री ने हस्तक्षेप किया।

7.) श्री बिक्रम सिंह
8.) श्री राकेश कालिया
9.) श्री बी0के0 चौहान

(सांय 5.00 बजे सदन की बैठक सांय 6.00 बजे तक बढ़ाई गई)

10.) श्री इन्द्र दत्त लखनपाल, मुख्य संसदीय सचिव
11.) श्री गोविन्द राम शर्मा

(सांय 6.00 बजे सदन की बैठक सांय 7.00 बजे तक बढ़ाई गई)

12.) श्री संजय रतन
13.) श्री कृष्ण लाल ठाकुर
14.) श्री बलदेव सिंह तोमर
15.) श्री सुरेश कुमार

(सांय 7.00 बजे सदन की बैठक सांय 7.30 बजे तक बढ़ाई गई)

16.) श्री विजय अग्निहोत्री

(सांय 7.30 बजे सदन की बैठक रात्रि 8.00 बजे तक बढ़ाई गई)

माननीय उद्योग मन्त्री ने हस्तक्षेप किया।

(सदन की बैठक सांय 7.55 बजे शुक्रवार, दिनांक 18 मार्च, 2016 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई)